# University in News on 03 May 2021

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 3

### लविवि : यूजी, पीजी, पीएचडी प्रवेश आवेदन की आज आखिरी तिथि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक कोर्सों व पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तिथि सोमवार 03 मई है। हालांकि कोरोना के बढ़ते संक्रमण व अभी बोर्ड परीक्षा न होने के कारण विवि प्रशासन एक बार फिर आवेदन तिथि बढ़ाने की तैयारी में है। इसे लेकर स्थिति सोमवार को स्पष्ट होगी।

विवि द्वारा 09 मार्च को स्नातक, स्नातक प्रोफेशनल, बीएलएड, बीपीएड, एमपीएड व पीएचडी के प्रवेश आवेदन शुरू किए गए थे, जिसके लिए पहले प्रवेश आवेदन की तिथि 20 अप्रैल और विलंब शुल्क के साथ 27 अप्रैल रखी गई थी। जबकि पीएचडी के प्रवेश आवेदन 15 अप्रैल तक ही होने थे। वहीं पीजी कोर्सों, पीजी मैनेजमेंट के आवेदन 19 मार्च को शुरू हुए थे। जिनके आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल व विलंब शुल्क के साथ 07 मई रखी गई थी। विवि प्रशासन ने 14 अप्रैल को सभी कोर्सों में प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ाकर 03 मई कर दी थी। किन्तु कोविड संक्रमण के कारण विवि व कॉलेज लगभग एक महीने से बंद हैं। वहीं बढ़ते संक्रमण के कारण सीबीएसई व यूपी बोर्ड ने 12वीं की परीक्षा भी टाल रखी है। इसके कारण अभी प्रवेश प्रक्रिया भी शुरू होने में काफी समय है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविवि ने अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बनाई जगह

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को स्पेन बेस्ड संस्था की ओर से की गई एससीआई मैगो इंस्टीट्यूशन रैंकिंग (एसआईआर) में देश के 144 संस्थानों में स्थान मिला है। इस अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में विश्वविद्यालय को ओवरऑल रैंकिंग में 90वां स्थान, रिसर्च कैटेगरी में 79वां, इनोवेशन कैटेगरी में 40वां और सामाजिक दायित्व निर्वहन में 24वां स्थान मिला। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रदेश का एकमात्र राज्य विवि है, जिसने इस प्रतिष्ठित रैंकिंग सूची में स्थान प्राप्त किया है। एसआईआर रैंकिंग शैक्षणिक और अनुसंधान से संबंधित संस्थानों का एक वर्गीकरण है जो एक समग्र संकेतक द्वारा रैंक किया जाता है जो रिसर्च (50%), इनोवेशन (30%) और सामाजिक प्रभाव (20%) के आधार पर संकेतकों के तीन अलग-अलग क्षेत्रों को जोड़ता है। पिछले एक वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट, ट्विटर हैंडल और यूट्यूब चैनल से विश्वविद्यालय की वर्चुअल उपस्थिति भी बढ़ी है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सभी क्षेत्रों में विवि की सफलता का कारण पिछले दिनों किया गया बेहतर शोध कार्य रहा है। दो दशकों में विवि के अध्यापकों और छात्रों ने शोध के क्षेत्र में कई नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। विवि द्वारा पिछले एक साल में किए गए आउटरीच कार्यक्रम, कोरोना महामारी के समय किए गए सामाजिक कार्य आदि की वजह से विवि को सामाजिक कार्य के क्षेत्र में 24वां स्थान मिला है। हम इसे और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

**यूपी का एकमात्र संस्थान, एसआईआर रैंकिंग में भारत के 144 संस्थानों में बनाई जगह**

## HINDUSTAN PAGE 4

### एलयू: अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 90वां स्थान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को एस आई आर द्वारा की गई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में पहली बार भारत के 144 संस्थानों में स्थान दिया गया है। विश्वविद्यालय समग्र रैंकिंग में 90 स्थान पर आया है। विभिन्न कैटेगरी में विश्व विद्यालय को अनुसंधान की कैटेगरी में 79वें स्थान पर, इनोवेशन सोच की कैटेगरी में 40वें स्थान पर और सामाजिक दायित्व निर्वहन की शाखा में 24वें स्थान पर रहा।

एलयू उत्तर प्रदेश का एक मात्र राज्य विश्वविद्यालय है ने इस प्रतिष्ठित रैंकिंग सूची में स्थान प्राप्त किया है। सभी संकेतकों में विश्वविद्यालय के अभूतपूर्व सफलता का कारण रहा है पिछले दो दशकों के दौरान अनुसंधान संकेतक में उल्लेखनीय कार्य किया है।

## THE PIONEER PAGE 4

### LU FINDS A PLACE IN SIR

Lucknow University has found a place in the international ranking by SCImago Institutions Rankings (SIR). LU spokesperson Durgesh Srivastava said that 144 institutions from India are on the list. "LU's overall ranking is 90 while research rank is 79, innovation rank 40 and societal rank 24. LU is the only university of UP to have found a place in this prestigious ranking list. Out of all the indicators, LU has shown remarkable improvement in the research indicator during the last two decades. The societal indicator on 24 is also indicating increased social connect and outreach activities of the university last year," he said.

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 90 वें स्थान पर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को एस आई आर द्वारा की गई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में पहली बार भारत के 144 संस्थानों में स्थान दिया गया है। विवि समग्र रैंकिंग में 90वें स्थान पर आया है। विभिन्न कैटेगरी में विश्व विद्यालय को अनुसंधान की कैटेगरी में 79वें स्थान पर, इनोवेशन सोच की कैटेगरी में 40वें स्थान पर और सामाजिक दायित्व निर्वहन की शाखा में 24वें स्थान पर रहा। लविवि यूपी का एक मात्र राज्य विश्वविद्यालय है ने इस प्रतिष्ठित रैंकिंग सूची में स्थान प्राप्त किया है। सभी संकितकों में विवि के अभूतपूर्व सफलता का कारण रहा है पिछले दो दशकों के दौरान अनुसंधान संकितक में उल्लेखनीय कार्य किया है। इन दो दशकों में विवि के अध्यापकों और छात्रों ने शोध के क्षेत्र में कई नए अभिलेख स्थापित किए हैं। सोसायटी इंडिकेटर यानी संस्थान की सामाजिक दायित्व निर्वहन संबंधी संकितक में मात्र पिछले एक साल के विवि की बढ़ती सामाजिक संपर्क आउटरीच गतिविधियों एवं करना महामारी के समय किए गए अनेकों समाज कार्य की वजह से विश्वविद्यालय इस संकितक में 43वे स्थान पर विराजमान हो सका।

## FIRST INDIA PAGE 2

### SIR Rankings: Lucknow Univ secures 90th position

**First India Bureau**

**Lucknow:** Prestigious Lucknow University of the state capital has been ranked 90 on an overall basis by SCIMago Institutions Rankings (SIR). It is to be noted that 144 institutions have been listed across India in the rankings, where Lucknow University is the only state University from Uttar Pradesh.

While the University secured 79th rank when it came to researches conducted by the institution, it secured the 40th position in the 'innovation' section.



Lucknow University. —FILE PHOTO

Last but not the least the University was ranked 24th in terms of its societal ratings signifying good social connect and outreach activities.

It is to be noted that the institution has shown remarkable improvement in the research indicator during the last two decades.

## SWATANTRA BHARAT PAGE 3

### लखनऊ विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 90वां स्थान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को एस आई आर द्वारा की गई अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में पहली बार भारत के 144 संस्थानों में स्थान दिया गया है। विश्वविद्यालय समग्र रैंकिंग में 90 स्थान पर आया है। विभिन्न कैटेगरी में विश्व विद्यालय को अनुसंधान की कैटेगरी में 79वें स्थान पर, इनोवेशन सोच की कैटेगरी में 40वें स्थान पर और सामाजिक दायित्व निर्वहन की शाखा में 24वें स्थान पर रहा। लखनऊ विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का एक मात्र राज्य विश्वविद्यालय है ने इस प्रतिष्ठित रैंकिंग सूची में स्थान प्राप्त किया है। सभी संकेतकों में विश्वविद्यालय के अभूतपूर्व सफलता का कारण रहा है पिछले दो दशकों के दौरान अनुसंधान संकेतक में उल्लेखनीय कार्य किया है। इन दो दशकों में विश्वविद्यालय के अध्यापकों और छात्रों ने शोध के क्षेत्र में कई नए अभिलेख स्थापित किए हैं। सोसायटी इंडिकेटर, यानी संस्थान की सामाजिक दायित्व निर्वहन संबंधी संकेतक में मात्र पिछले एक साल के विश्वविद्यालय की बढ़ती सामाजिक संपर्क, आउटरीच गतिविधियों एवं करना महामारी के समय किए गए अनेकों समाज कार्य की वजह से विश्वविद्यालय इस संकेतक में 43वे स्थान पर विराजमान हो सका। संस्था रैंकिंग एसआईआर शैक्षणिक और अनुसंधान से संबंधित संस्थानों का एक वर्गीकरण है, जो एक समग्र संकेतक द्वारा रैंक किया जाता है जो अनुसंधान प्रदर्शन 50 प्रतिशत, नवाचार आउटपुट 30 प्रतिशत और सामाजिक प्रभाव 20 प्रतिशत के आधार पर संकेतकों के तीन अलग-अलग सेटों को जोड़ता है। उनहे वेब दृश्यता द्वारा मापा जाता है और पिछले एक वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय के वेबसाइट, ट्विटर हैंडल और यूट्यूब चैनल की सहायता से विश्वविद्यालय का वर्चुअल प्रेजेंस भी बढ़ा है। रैंकिंग प्रयोजनों के लिए, गणना प्रत्येक वर्ष रैंकिंग के संस्करण से दो साल पहले समाप्त होने वाले पांच साल की अवधि के परिणामों से उत्पन्न होती है।समावेशन मानदंड यह है कि संस्थानों ने चयनित समय अवधि के अंतिम वर्ष के दौरान स्कोपस डेटाबेस में शामिल कम से कम 100 कार्यों को प्रकाशित किया था। नवाचार के लिए संकेतकों के लिए उपयोग की जाने वाली जानकारी का स्रोत पैटेंट डेटाबेस है।